हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस, लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुहानी कलेक्शन
कपड़ो के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
पालिका बाजार कॉम्पलेक्स, कवर्धा रोड, बेमेतरा
संपर्क : 930001932, 9329061636


जिलावासियों को धनतेरस,
लक्ष्मीपूजा, दीपावली एवं भाईदूज की
अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं...
बालाजी
स्केल कांटावाला
दीपावली
स्पेशल
ऑफर
100 कि.ग्रा. तराजू
मात्र 5000/- रु.में
2 साल की वारंटी के साथ
भोला राजपूत
प्रोप्राइटर
निर्माता, विक्रेता
एवं सुधारक
BLACK
SANSUI
REC
GSTIN : 22AVCPR0760M1ZJ
REC. MFG By Balaji Scale
Mob.: 8120577444, 9754165995
पताः नयापारा नवीन स्कूल के सामने, गौरव पथ रोड, वार्ड नं. 17, बेमेतरा (छ.ग.)

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दास्त नहीं : प्रज्ञा



14 सिंघौरी स्कूल में हुआ दिवाली मिलन समारोह





## खबर संक्षेप



### शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों का किया गया सम्मान

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बेरला (सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम) में बैगलेस डे के अवसर पर कक्षा शिक्षिका प्रतिभा साहू ने तीसरी के शाला के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। इसके तहत जून से सितंबर तक कक्षा में स्वयं से सीखने का प्रयास, पढ़ाई करने वाले बच्चे, स्वच्छता वाले बच्चे, कक्षा की सभी गतिविधि में स्वयं से सामने आकर भाग लेने वाले बच्चे, सुनकर, देखकर व अपने सहपाठी के साथ पढ़ने व सीखने का प्रयास करने वाले बच्चे, महीने में 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों का सम्मान किया गया। इनमें श्रीयांश पुलकित शैल, भोला, याशिका, आकांक्षा का सम्मान किया गया।

### नवाचारी शिक्षिका शीतल का किया गया सम्मान



**बेमेतरा।** न्यू सर्किट हाउस रायपुर में राज्य स्तरीय पठन महोत्सव का आयोजन किया गया। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार तथा विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करना था। इसमें प्रदेश भर से चयनित शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षक, लेखक, शिक्षक अनुवादक और शिक्षा विभाग के उच्च कार्यालयों के अधिकारीगण, एक्सन रिसर्च जेंडर के शिक्षक, रूम टू रीड इंडिया सेरी परियोजना से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक विद्यालय मगरघटा, बेमेतरा की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने पचास स्टोरी कार्ड और 6 कहानियों का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर सहभागिता निभाई। यह अनुवाद कार्य 2022 में विभिन्न आवासीय कार्यशालाओं के माध्यम से संपन्न हुए हैं। वे हिन्दी व छत्तीसगढ़ी भाषाओं में बाल साहित्य का सृजन करती हैं। इसके लिए उनका चयन हुआ था। इसी प्रकार कहानी लेखन एवं अनुवाद कार्य हेतु विशेषज्ञ शिक्षकों का चयन समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया गया।

## युवा संसद : युवाओं में नेतृत्व कौशल के विकास की पहल

# यूथ पार्लियामेंट में छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर की बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संचालित एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी विचारशील बहस और तर्कपूर्ण चर्चा से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रसार, नेतृत्व कौशल का विकास और जिम्मेदार नागरिकता की भावना का संचार करना है।

यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित 'राष्ट्रिय युवा संसद महोत्सव 2024' के अंतर्गत देश के अनेक विद्यालयों में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित वाद-विवाद कौशल के वीडियो तथा फोटो उनकी वेबसाइट पर अपलोड किए गए।

सभी सम्मिलित प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा तथा विद्यालय द्वारा प्रतिभागियों को तीन श्रेणीयों में पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें सर्वोत्तम वक्ता (बालक), सर्वोत्तम वक्ता (बालिका) सर्वोत्तम संसद सदस्य। आदर्श युवा संसद कार्यक्रम राजनीतिक सुधारों, संसदीय गतिविधियों, नीति निर्माण, शिक्षा और रोजगार पर स्वस्थ चर्चा को बढ़ावा देता है। इस आयोजन में छात्रों ने आरक्षण विधेयक में संशोधन, महिलाओं की सुरक्षा (बलात्कार के मामलों पर चर्चा) शिक्षा सेवा में जीएसटी का प्रभाव भारत-चीन संबंध पर की।



### छात्रों ने मंत्री व विपक्ष की भूमिका निभाई

आयोजित यूथ पार्लियामेंट में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मंत्रालयों और विपक्षी पदों की भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री शौर्य साहू, विदेश मंत्री चहत जैन, गृह मंत्री गरिमा साहू और देव अग्रवाल स्वास्थ्य मंत्री वैश्नवी चौबे, कानून मंत्री लहर सिंघानिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री योगिता बंजारे, खेल मंत्री सान्वी भोपाल, ग्रामीण विकास मंत्री अवनी वित्त मंत्री चाहक पटेल, शिक्षा मंत्री प्राची अग्रवाल थे। इसके साथ छात्रों ने अन्य महत्वपूर्ण विपक्षी और सरकारी सदस्य की भूमिकाएं निभाई, जिनमें शिवानी पटेल, माही मोटवानी, साक्षी तिवारी, स्वाति पुरेना, गुनगुन वर्मा, अनुज जोशी, अक्षत तिवारी, प्रिंस कुरे, सुमित साई नायक, काव्या दुबे, रितु साहू, हरशिता साहू, छवि पांडे, प्रियांशु शर्मा, श्रेयांश राजपूत, शिवानी पटेल, साहिल राठौर और कई अन्य शामिल थे। इन विद्यार्थियों ने विभिन्न सरकारी और विपक्षी भूमिकाओं को निभाते हुए वास्तविक राजनीतिक परिदृश्यों पर चर्चा की और अपने विचारों को तर्कसंगत तरीके से प्रस्तुत किया।

### स्कूल प्रबंधन ने किया उत्साहवर्धन

प्राचार्य पंकज जोशी ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा, इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का विकास होता है, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपने योगदान के प्रति सजग और प्रेरित भी होते हैं। वहीं, स्कूल की संचालिका भावना बोहरा ने कहा, यूथ पार्लियामेंट छात्रों को नेतृत्व क्षमता और संवाद कुशलता की ओर उन्मुख करता है, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। यूथ पार्लियामेंट जैसी गतिविधियां छात्रों में जागरूकता, सहिष्णुता और लोकतांत्रिक विचारधारा को मजबूती प्रदान करती हैं एवं विद्यार्थियों मे भारत के लोकतन्त्र के प्रति सजग एवं उत्कृष्ट दृष्टिकोण दिखाता है। इन गतिविधियों के माध्यम से वे अपने विचारों को समाज के प्रति अभिव्यक्त करने, तर्कपूर्ण सोच विकसित करने और अपने दायित्वों को समझने का अवसर पाते हैं।

# रास्ता रोककर की लूटपाट 2 आरोपी पकड़ाए, 1 फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढी

राहगीरों का रास्ता रोककर मारपीट व लूटपाट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम 03 हजार रूपये, मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल बरामद किया गया है। फ़लिहाल मामले में एक अन्य फरार आरोपी की खोजबीन जारी है।

- सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्र के ग्राम उमरिया में हुई घटना

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को योगेश चंद्राकर उम्र 24 साल निवासी कन्हेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि करीबन 12.30 बजे ग्राम उमरिया नर्सरी पास दाढी रोड के पास आरोपी विक्की सोनी ग्राम दाढी एवं उसके 02 अन्य साथी मिलकर उसके मोटर सायकल को ओवरटेक कर अपनी गाड़ी सामने खड़ी करके रास्ता रोक लिया। तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। विक्की ने उसका मोबाईल तथा जेब में रखे नगदी रकम 12,500 रूपये को जबरन निकाल लिए। मामले में धारा 309 (6),127 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी विक्की सोनी एवं उसके साथी लक्की निषाद को ग्राम दाढ़ी में घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि घटना के समय रात्रि करीबन 12.30 बजे तीनों विक्की सोनी, लक्की निषाद एवं एक अन्य साथी वाहन क्रमांक सीजी 09 जेई 8464 में उमरिया से ग्राम दाढ़ी जा रहे थे। ग्राम उमरिया नर्सरी के सामने सुनसान इलाके देखकर ग्राम बेतर तरफ से आ रहे एक मोटर सायकल चालक का पीछे से ओवरटेक कर रास्ता रोककर उसके पास से एक मोबाइल एवं पेंट के बांये जेब में रखे 12,500 रूपए को लूटकर दाढ़ी की ओर भाग गये थे।

दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। एक अन्य फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह, प्रआर शिवकुमार बंजारे, आरक्षक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, ऐश्वर्य कुमार सिन्हा, रोशन वर्मा, महेंद्र सोनवानी, स्वप्निल पांडेय सहित थाना दाढ़ी स्टाफ का मुख्य भुमिका रही।

# भनसुली विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया कृषि मेला का भ्रमण, मिली कई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




समग्र शिक्षा के अंतर्गत व्यावसायिक कोर्स के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली के कक्षा 11वी. एवं 12वी. कृषि के विद्यार्थियों ने इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित एग्री कर्निवाल, राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनीय का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कृषि से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं जैसे नर्सरी प्रबंधन, कृषि अभियान्त्रिकी के अंतर्गत-रोटावेटर, पैडी ट्रांसप्लान्टर, रीपर, हार्वेस्टर, थ्रेशर तथा सूक्ष्मसिचाई के अंतर्गत ड्रिप ० स्प्रिंकलर सिस्टम के अवयव और पेस्टिसाइड स्प्रे हेतु ड्रोन के कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली। कृषि प्रदर्शनी में मृदा परिक्षण के फायदे, मशरूम उत्पादन तकनीक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही साथ प्रदर्शनी में केले के रेशे से कपड़ा (जैकेट) तैयार करने के तरीको के बारे में बताया। साथ ही कुक्कुट पालन के अंतर्गत मुर्गी की दुर्लभ नस्ले कड़कनाथ के लक्षणों ० एग्ग हैचिंग कैसे करते हैं की जानकारी मिली। मेले में पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी के अंतर्गत जैम, जेली, पापड़ ० मुरब्बा तैयार करने के तकनीक को विस्तार से बताए। कृषि प्रदर्शनी के आलावा इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आर.एच. रिछारिया रिचार्च लेबोरेटरी सेंटर में लैब असिस्टेंट ने जर्मप्लाज्म ० टिशु कल्चर के माध्यम से अनेक प्रकार के पौध तैयार करने की तकनीक से परिचित कराया। साथ ही धान की 22874 किस्मों के बारे में विस्तार से बताया। उसके बाद कृषि संग्रहालय में रखे कृषि से सम्बंधित पुरानी सामग्रियों का अवलोकन किया। प्राचार्य सुरेश चन्द्र यादव एवं कृषि प्रशिक्षक लेख राम वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

# 92 पौवा देशी मसाला शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** आबकारी विभाग ने नवागढ़ में दो पेटी से अधिक अवैध रूप बेचने रखी देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।आबकारी वृत्त नवागढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा ने बताया कि अवैध रूप से शराब संग्रहण कर ऊंची कीमत पर बेचे जाने की जानकारी मुखबिर से मिली। सूचना के उपरांत नवागढ़ थाना निवासी आरोपी कुलबुल गुलमोहरे पिता- शत्रुघ्न गुलमोहरे के ठिकाने पर रेड कारवाई की गई। मौके स्थल से तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 92 नग देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। जब्त मदिरा- 16.560 बल्कलीटर में है जिसकी बाजार में कीमत 10 हजार 120 रुपए आंकी गई।





## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


# शासकीय विद्यालय मटका में बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता अभियान के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर शिक्षिका ज्योति बनाफर ने विद्यालय में डॉक्टर प्रीति ठाकुर को आमंत्रित किया। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई रख संतुलित भोजन करने की सलाह दी गई। डॉक्टर प्रीति ठाकुर ने बताया कि प्रदूषण और भाग दौड़ भरी वातावरण में संक्रामक बीमारियां हमें शीघ्र घेर लेती है इनसे बचने के लिए हमें व्यायाम करने और संतुलित भोजन लेने के साथ ही समय-समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनीमिया से बचाव/ प्रबंधन, कृमि,के लिए सरकार द्वारा वितरित की जा रही क्रीमी नाशक गोली साप्ताहिक आयरन गोली के महत्व को समझाते हुए उसे नियमित लेने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर ने बालिकाओं को माहवारी के संबंध में जानकारी देते हुए सेनेटरी नैपकिन पैड, माहवारी चक्र, माहवारी के दौरान खानपान तथा व्यायाम की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में क्विज का आयोजन किया गया। इसमें माहवारी संबंधित तथा व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी सवाल पूछे गए। इसमें अदिति स्वीटी भावना आरती सोफिया लक्ष्मी को प्रांजलि गोस्वामी प्रशिक्षणार्थी समाधान कॉलेज द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिक्षिका ज्योति बनाफर ने भी विभिन्न जानकारी प्रदान की। इस दौरान श्रेया, सुनीता मानिकपुरी, मंजू साहू, पुनीत राम निर्मलकर, सौखिलाल पोर्ते के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट प्रधानपाठक से अलंकृत किए गए अशोक ध्रुवे

**साजा।** राज्य सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरुस्कार के तहत संभाग स्तर पर विकासखण्ड के उत्कृष्ट प्राथमिक प्रधानपाठक का पुरस्कार प्राथमिक शाला महिदही के प्रधानपाठक अशोक ध्रुवे को दिया गया। यह पुरस्कार सत्यनाराण राठौर संग आयुक्त, संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, सहायक संचालक स्वामी की उपस्थिति में प्रदान किया गया। अशोक ध्रुवे को यह पुरस्कार उनके एक प्राथमिक प्रधानपाठक के रूप में शाला के सर्वांगीण विकास, शासन द्वारा विभिन्न योजना जो शाला विकास, विद्यर्थियों के सर्वांगीण विकास, समुदाय के साथ सहभागिता के साथ अपने शाला के एक उत्कृष्ट नेतृत्व सम्मानित किया गया। ब्लाक संयोजक सुनील राजपूत, अजय यादव, रोहित राजपूत, लोमन सिंह वर्मा, जमुना सिंह राज, नरेश बघेल, दीपक राजपूत, किशन ठाकुर के साथ संकुल बीजा के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अंचल में सुआ गीत की गूंज



**बेमेतरा।** दीपावली नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ में सुआ गीत का सामूहिक स्वर गूंजने लगता है और तालियों की मधुर ताल सुनाई देने लगती है। जिला मुख्यालय के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 6 में पारंपरिक त्यौहार दीपावली पर वार्ड की नन्ही बच्चियां घर- घर जाकर सुआ नृत्य की प्रस्तुति दे रही हैं।

## निधन

### संतोष चौहान

**बेमेतरा।** शहर के मिलनसार युवा संतोष सिंह चौहान का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम गुनरबोर्ड कोबिया में किया गया। शहर के लोगों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



**कार्यक्रम : सण्डी के स्कूल में दीपावली पर्व पर विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

# अंचल के विद्यालयों में हुए विविध कार्यक्रम बच्चों ने बनाई रंगोली, सुआ नृत्य से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम संडी की शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता, गौरा-गौरी प्रस्तुतिकरण, सुआ-नृत्य, कोलाज निर्माण प्रमुख रहा। शिक्षक ओमनारायण साहू ने बताया कि कोलाज निर्माण में विभिन्न माध्यमों और सामग्रियों को इकट्ठा कर एक कलाकृति बनाना तथा उसके तकनीक का अध्ययन करना होता है।कोलाज निर्माण विभिन्न माध्यमों और सामग्रियों को चिपकाने या संयोजित करने की एक तकनीक है। जिसमें फोटोमॉन्टेज, 3डी कोलाज और डिजिटल कोलाज के अलग-अलग तरीके है। इसी कड़ी में बच्चों ने कोलाज निर्माण, गौरा-गौरी प्रस्तुति करण, रंगोली निर्माण में अपनी-अपनी कलाकृतियां का प्रदर्शन किया। कोलाज



निर्माण में प्रथम रीना साहू, द्वितीय गीतिका, तृतीय खिलेश्वर ने जीते। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम गीतिका, द्वितीय यामिनी व तृतीय स्थान भूमिका ने प्राप्त की। प्रधान पाठक पी डी महिलांग, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। गौरतलब हो कि शिक्षक ओमनारायण साहू लगातार बच्चों में नया-नया थीम के द्वारा अध्ययन अध्यापन का कार्य कर रहे है। बीआरसी खोमलाल साहू ने कहा कि शाला में इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों में सृजनात्मक का गुण विकसित होता है। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया। सीएसी राजा सिंह वर्मा, राकेन्द्र साहू ने सण्डी के सभी शिक्षकों को लगातार नवाचार के माध्यम से बच्चों में विभिन्न कौशलों को विकास करने के लिए बधाई दिए। इस कार्यक्रम में शिक्षक लोकेश कुमार साहू, मनीषा देवांगन, फिरोज कुमार जोशी, नीलेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## बच्चों ने जलाए दीप, सुआ व राउत नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति



**बेमेतरा।** प्राथमिक शाला साल्हेपुर, विकासखंड बेरला के बच्चों ने दीपावली के अवसर पर अपने स्कूल में शिक्षकों के साथ मिलकर खुरहुरी के अंजोर उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक अंबालिका पटेल सहित संतोष केशरवानी अध्यक्ष एसएमसी, प्रकाश गायकवाड सरपंच ग्राम पंचायत डागनियां, शाला के अन्य शिक्षकों डागेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार, एवं ग्रामीण लोगों ने बच्चों के साथ समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने दीपावली का महत्व बताते हुए कहा कि यह कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। दीपावली का मतलब दीपों की पंक्ति से है, जो अंधकार को भगाकर प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। जिस प्रकार दीप के जलने से अंधकार मिट जाता है। उसी प्रकार दीपावली के दिन एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर, एक दूसरे से आत्मीयता से मिलकर, एकता, प्रेम, और भाईचारे का संदेश देकर अपने रिश्ते मजबूत बना कर हमारे अंदर की अंधकार को दूर कर खुशियों से प्रकाशित करते हैं। एसएमसी अध्यक्ष संतोष केशरवानी ने बच्चों को दीपावली का महत्व बताया। इसके साथ ही पटाखे दूर से फोड़ने की सुझाइश दी। वहीं, पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए बहुत कम मात्रा में पटाखे फोड़ने को कहा। सरपंच प्रकाश गायकवाड़ ने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को दीपावली की बधाई दी और कहा कि भगवान राम ने 14 वर्ष की वनवास के बाद जब अयोध्या लौटे तो उनकी खुशी में पूरे अयोध्या में घर घर, गली मुहल्ले में हर जगह दिए जलाए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दीप जलाकर, लक्ष्मी जी की पूजा कर, सुवा नृत्य, राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन डागेंद्र निषाद ने किया।

## कन्या शाला देवकर में बालिकाओं ने दी सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में बस्ता विहीन शनिवार को दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर दीए सजाए और उन्हें ये सजाए और उन्हें जलाकर संदेश दिया कि जिस प्रकार दीया अंधकार को मिटाकर उजाला फैलाता है, उसी प्रकार हमें भी अशिक्षा के अंधकार को चीरकर ज्ञान का प्रकाश फैलाना है। साथ ही बच्चों ने आम के पत्तों से तोरण निर्माण कर शाला क़ी कक्षाओं में लगाए। इसके साथ ही बच्चों ने



सुआ नृत्य क़ी मनमोहक प्रस्तुति बच्चों ने दी। वहीं, रसोइया चाची पुष्पा, सुनीता और सुंदर ठाकुर ने गौरा गौरी गीत की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ क़ी पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों को तैयार किया गया। बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाई, चित्रकारी की तथा दीपावली पर निबंध लिखा। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बच्चों को दिवाली के उपलक्ष्य में फुलझड़ी और चाकलेट भेंट किया। बच्चे, रसोइया, स्टाफ ने शिक्षकों के साथ मिलकर फुलझड़ी जलाई। कार्यक्रम के दौरान आस्था अग्रवाल ने अपनी माताजी के साथ शाला पहुंचकर बच्चों को सजावट कराकर वितरण किया और चाकलेट भी प्रदान किया। प्रधान पाठिका ने दीपावली का महत्व बताया। शिक्षक आशुतोष चौबे ने दीपावली क़ी पौराणिक कथा बच्चों को बताया। उक्त आयोजन में श्रध्दा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, आशुतोष चौबे, पुष्पा साहू, महेसिया निषाद, सुनीता साहू, सुंदर ठाकुर, खेमा, रामप्यारी उपस्थित थे।



### सशिमं कठौतिया में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** दीपावली त्योहार के पूर्व बच्चों को इस महान पर्व के महत्व व अपनी संस्कृति की जानकारी देने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया में प्रधानाचार्य सतीश मिश्रा ने विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। तारकेश्वरी,संध्या,सीमा,देविका,अंतरा,मिनाक्षी, अकांक्षा, अनुष्का ,भावना, राधिका सहित अनेक बच्चों ने भाग लिया। मार्गदर्शक के रुप में आचार्य नरेन्द्र यादव, दुर्गा मानिकपुरी, प्रीति रजक, नीलम साहू, महेश्वरी साहू, दीपाली पटेल, उगेश्वरी साहू का सहयोग रहा। निर्णायक के लिए संकुल समन्वयक रज्जू चंद्राकर, व्याख्याता पदुम लाल टंडन, कृष्ण कुमार यादव, मुकेश चन्द्रवंशी, दीपक साहू, आशीष जायसवाल, ईश्वर यादव, गोविन्द विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक ने बच्चों को दीपावली का महत्व बताया और विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## सिंघौरी स्कूल में हुआ दिवाली मिलन समारोह

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्तामुक्त दिवस के अवसर पर दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सुआ गीत, गौरा गौरी गीत, पंथी, राऊत नाचा का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही साथ बच्चों ने दीए सजाकर स्कूल में प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का संचालन नुतेश्वर चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुति के रूप में हाई स्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक शाला के सभी प्रतिभागियों ने सुआ गीत की प्रस्तुति दी। इस पर प्रधान पाठक ने सभी बच्चों को 1150 रुपये भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान रामगोपाल चंद्राकर प्राचार्य,



मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक, शशिकला यादव प्रधान पाठक, राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, रंजू पांडेय, लक्ष्मी साहू साहू सहित शाला विकास समिति से पोषण वर्मा अध्यक्ष नारद साहू, प्रीतम वर्मा उपस्थित रहे।

## केसर व देवपिका ने जीती रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ दीपावली के उपलक्ष्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में हुआ कार्यक्रम

साजा विकासखण्ड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 14 जोड़ी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसकी मुख्य बात ये भी है कि इस वर्ष बालिकाओं के साथ-साथ दो जोड़ी बालकों ने भी इसमें भाग लिया। इन बालकों को संस्था की



नवाचारी एवं विज्ञान शिक्षिका प्रतीक जैन ने स्वयं पुरस्कृत किया। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बहुत ही अच्छी रंगोली बनाई। निर्णायक संस्था के प्रधान पाठक किशुन राम साहू तथा संस्था की शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने कक्षा 6 की केसर तथा देवपिका की रंगोली को प्रथम घोषित किया। उन्होंने मां शारदे की वीणा तथा राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपनी रंगोली में शामिल किया था। द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 की डुमेश्वरी तथा ललिता रहीं। संस्था की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि गांव के बच्चों में ऐसी अनेक प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिन्हें सिर्फ़ एक मौके एवं प्लेटफार्म की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के आयोजन से उनकी प्रतिभाएं तो सामने आती ही हैं साथ ही उनकी झिझक भी दूर होती है। साथ ही साथ उनकी दक्षता में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर प्रधान पाठक किशुन राम साहू, शिक्षिक अवध राम वर्मा, शिक्षिका कनकलता सरसुधे तथा प्रतीक जैन एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

**पॉलीटेक्निक कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में अतिथियों ने गिनाई उपलब्धि**

## जनजातीय समुदाय का देश की प्रगति में है महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. मेहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन हुआ। विदित हो कि प्रदेश के जनजातीय समुदाय तथा उनकी परम्पराओं का छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति, कला एवं अन्य क्षेत्र में विशेष योगदान एवं गौरवशाली अतीत के संरक्षण हेतु जनभावनाओं के अनुरूप 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती जयंती से 15 नवंबर भगवान बिरसा मुण्डा जयंती तक जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन राज्य में प्रत्येक जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान में किया किया जा रहा है।

इसी कड़ी में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला, जिला बेमेतरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रमन मेहर ने



किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक दीक्षित आर्य, सह-संयोजक आकांक्षा शुक्ला, एनएसएस प्रभारी कुंदन कुमार साहू, डॉ. दीक्षा तिवारी, अतुल सिंह राजपूत, गौरव गुप्ता, दिवयंश चन्द्रवंशी, शिल्पी साहू, बहोरिक साहू, सोमेश देशमुख ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण, चित्रकला, रंगोली, निबंध इत्यादि प्रतियोगिताओं में संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अगले माह होने वाले जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम एवं भगवान बिरसा मुण्डा जयंती में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया जायगा। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रमन मेहर ने जनजातीय समुदाय का देश एवं राज्य के आजादी, प्रगति एवं उत्थान में किस प्रकार महत्वपूर्ण योगदान रहा, पर अपने विचार साझा किया।

### एकलव्य कालेज के विद्यार्थियों ने किया फल व बिस्कुट वितरण

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के संयुक्त तत्वावधान में अस्पताल में सेवा से सीखे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डौण्डीलोहारा के मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टॉफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दास्त नहीं : प्रज्ञा

**बेमेतरा।** जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्राम पंचायत ढारा में 5 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण एवं 2 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाले महामाया रंग मंच निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच उर्मिला साहू, प्रतिनिधि कैलाश साहू, उपसरपंच नीतू बंजारे, पंच एवं भाजपा नेता बल्लू साहू, मूलचंद साहू, वेद प्रकाश चतुर्वेदी, प्यारे दास बंजारे, अमर साहू, सरिता बाई, सेवती बाई साहू, सबाना बाई, ईश्वरी बाई चतुर्वेदी, लक्ष्मी बाई यादव सहित वरिष्ठ ग्रामीण नागरिकों ने जिला पंचायत सदस्य का अभिनंदन किया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु



देव साय और खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की सरकार में विकास के काम सायं सायं हो रहे हैं, यह सरकार मिशन की सरकार है। पहले वाले कमीशन के थे,

आज भूमिपूजन करके जा रहीं हूं, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए, अगर कोई समझौता करने की कोशिश करेगा तो ध्यान रखना ये मोदी, विष्णु और दयालदास की डबल इंजन की सरकार है। अंजाम बुरा होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक
4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130